# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 25 मार्च, 2015/4 चैत्र, 1937 (शक्)

----

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].

कुल प्रश्न - 36

----

### पशु बलि पर रोक

*1728 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश में पशु बलि पर लगाई रोक के फैसले के विरूद्ध पुनर्विचार याचिका दायर करने  का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो कब तक; और

(ग) प्रदेश में उच्च न्यायालय के आदेशों के उपरान्त कहां-कहां पर पशु बलि दी गई और दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

### रोड़ टैक्स

*1729 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में जे0एन0एन0यू0आर0एम0 के अन्तर्गत प्राप्त कितनी बसें विभिन्न रूटों पर चल रही हैं और इनसे प्रति मास कितनी धनराशि रोड़ टैक्स के रूप में प्राप्त हो रही है; ब्यौरा डिपोवार दें;

(ख) इनमें से कितनी बसें बिना रूट परमिट के चल रही हैं और ऐसी बसों से प्रदेश को रोड़ टैक्स के रूप में कितनी हानि हो रही है; और

(ग) सरकार द्वारा ऐसे बस मालिकों व पथ परिवहन निगम के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें ?

----

## Filling up of Vacant Posts

***1730 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many Ayurvedic Institutions are there in the State (District-wise details be given); and

(b) how many posts of all categories are there in these institutions; out of these how many are lying vacant (district -wise details be given) ?

----

## गैस सिलैण्डर पर उपदान

***1731 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1.1.2013 से 15.2.2015 तक प्रदेश में कितने गैस सिलैण्डरों की आपूर्ति की गई और इस अवधि में कितने बैंक खाता धारकों को अनुदान के रूप में धनराशि प्राप्त हुई;

(ख) इस अवधि के दौरान कितने खाता धारकों को अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई और विभाग ने इस बारे क्या कार्रवाई की है; ब्यौरा दें; और

(ग) गैस की दरें प्रथम जनवरी, 2012 को क्या थी और वर्तमान में क्या हैं; ब्यौरा दें?

----

## नई सब्जी मण्डी का निर्माण

***1732 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत रोहड़ू में निर्माणाधीन सब्जी मंडी की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़कों की लम्बित डी0 पी0 आरज़

*1733 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में लोक निर्माण मण्डल सरकाघाट के अन्तर्गत किन-किन सड़कों की DPRs लम्बित हैं; ब्यौरा दें ?

----

## मार्किट यार्ड को विकसित करना

*1734 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कहां-कहां Market yards, Market Sub-yards व Market areas के निर्माण का कार्य चल रहा है;

(ख) दिनांक 15.2.2015 तक कितनी धनराशि इन पर खर्च हो चुकी है और कितनी और व्यय होगी; ब्यौरा दें; और

(ग) State Marketing Board द्वारा किस-किस जगह को Market Area चिन्हित किया है; और इन्हें चिन्हांकित करने के क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

*1735 **श्री कर्ण सिंह (बन्जार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बन्जार तहसील के अन्तर्गत लारजी, बिहाली में फायर स्टेशन स्वीकृत किया गया है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## खाद्य सामग्री का वितरण

*1736 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में राशन कार्ड धारकों को कौन-कौन सी खाद्य वस्तुएं, कितने-कितने कि0ग्रा0 प्रति व्यक्ति या प्रति परिवार, कितनी- कितनी धनराशि पर दी जाती हैं; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश में कितने ए0पी0एल0 और बी0पी0एल0 के राशन कार्ड धारक हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ग) गत दो वर्षों से सरकार क्या उपभोक्ताओं को सभी आवश्यक वस्तुएं नियमित रूप से उपलब्ध करवा रही है; और इनकी दरों में कितनी वार बढ़ौतरी की गई ?

----

## धनराशि का आबंटन

*1737 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार प्रदेश में स्थित विभिन्न मन्दिरों को उनके विकास और रख-रखाव हेतु धनराशि देती है; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में सरकार ने किस-किस मन्दिर को कितनी-कितनी धनराशि जारी की है; ब्यौरा दें?

----

## मानदेय में बढ़ौतरी

*1738 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुने हुए प्रतिनिधियों को क्या-क्या मानदेय दिया जाता है; ब्यौरा श्रेणीवार दें ?

----

## छैला-नेरीपुल-ओच्छघाट सड़क

*1739 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद) :**
**श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि छैला-नेरीपुल-ओच्छघाट सड़क की हालत बहुत दयनीय है; यदि हां, तो गत 2 वर्षों के दौरान इसके रख-रखाव हेतु कितना धन खर्च किया गया व क्या-क्या कार्य किया गया;

(ख) कितना कार्य शेष है तथा वह कब तक करवा दिया जाएगा; और

(ग) सरकार क्या सड़क की मरम्मत करने हेतु इसे World Bank की State Road Project योजना में डालने का विचार रखती है ?

----

## औद्योगिक इकाइयां

***1740 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला सोलन में कितनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं; इनमें से कितनी चल रही हैं और दिनांक 15.02.2015 तक इन पर सरकार की कितनी धनराशि खर्च हो गई है; और

(ख) सरकार की यहां पर और उद्योग स्थापित करने हेतु क्या योजना है; योजना की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## Filling up of Vacant Posts

***1741 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) presently what is the strength of students and teaching staff in DIET at Tandi; and

(b) what steps are being taken to fill up the vacant posts & by when it will be filled up?

----

## पशुओं की नस्ल

***1742 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सरकार प्रदेश में पशुओं की नस्ल सुधार के लिए क्या कदम उठा रही है; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने जिला चम्बा के भेड़ प्रजनन केन्द्र सरोल को किसी और जिला को स्थानान्तरित कर दिया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के गाय व भेड़पालकों को अलग से प्रजनन केन्द्र खोलने का विचार रखती है ?

----

## बस सेवा

***1743 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2014 तक प्रदेश में कितने बस रूट बन्द किए; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ख) इस अवधि में सरकार ने कितने नए बस रूट प्रारम्भ किए; ब्यौरा दें ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***1744 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक पाठशालाओं में अध्यापकों के कितने- कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## थाना कलां में स्टेडियम निर्माण

***1745 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला ऊना के अन्तर्गत थाना कलां स्टेडियम के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रारूप तैयार किया गया और कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## सड़क निर्माण

***1746 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सुजानपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के गांव रंगड़ से दराटी के लिये Schedule Caste Component के अन्तर्गत सड़क का निर्माण किया जा रहा है जबकि दराटी गांव हरिजन बस्ती नहीं है;

(ख) यदि हां, तो इसकी कितनी लम्बाई है और इस वित्तीय वर्ष में कितने बजट का प्रावधान है; कितने अनुसूचित जाति के लोग लाभान्वित होंगे; और

(ग) इस सड़क की कुल अनुमानित लागत कितनी है ?

----

## थाईयां दा मोड़-सोरड-सोहरी सड़क

*1747 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि थाईयां दा मोड़-सोरड-सोहरी सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है;

(ख) यदि हां, तो इसका Stage-I का कार्य कब पूर्ण हुआ; और

(ग) इसका Stage-II का कार्य क्यों प्रारम्भ नहीं हो रहा है; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

## सी0आर0एफ0 के अन्तर्गत योजनाओं की स्वीकृति

*1748 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2015 तक प्रदेश सरकार ने CRF के अन्तर्गत Inter-state Conductivity Bridges की कितनी योजनायें भारत सरकार को भेजी गई; ब्यौरा योजनावार दें;

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है तथा कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ग) CRF के अंतर्गत Chintpurni-Talwara सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

*1749 **डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला सोलन के अन्तर्गत धर्मपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय किस भवन में चल रहा है; और

(ख) सरकार ने क्या स्थाई भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया है ?

----

## Rajpura-Dhang Uperli-Dhang Nichli Dhang Road

***1750 Shri Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the present status of construction of following roads and bridges in Nalagarh Constituency:-

(i) Rajpura-Dhang Uperli-Dhang Nichli Road bridge over chikni khad;

(ii) Taloti-Jabal-Guwal-Dhar Maukra-Gabbar Mour;

(iii) Ambwala-Retal-Rajwain-Jablu-Japla -Bara -Khuhi;

(iv) Swarghat-Phakred-Kola-Dungiplate-Luhani-Bakroodi-Kapoli-Zhirangi Bara;

(v) M/T Tirla-Tallan Kumarhatti;

(b) what are the reasons for delay in construction of above schemes as they are MLA priorities in different years; and

(c) by when the DPRs of these schemes will be sanctioned ?

----

## कार्यालय की स्थापना

***1751 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2014-15 में प्रदेश में कुल कितनी तहसील, उप-तहसील तथा उप-मण्डल (नागरिक) कार्यालय खोले गए;

(ख) इनको खोलने के लिए क्या मापदण्ड निर्धारित हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या प्रदेश के अन्य स्थानों पर इन कार्यालयों को खोलने का विचार रखती है?

----

## नाबार्ड से धनराशि की प्राप्ति

*1752 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक प्रथम अप्रैल, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक नाबार्ड से कितनी धनराशि प्रदेश के विभिन्न विभागों एवं बोर्डों-निगमों को प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) कितनी राशि विधायक प्राथमिकताओं की योजनाओं के लिए स्वीकृत हुई; ब्यौरा योजना का चुनाव क्षेत्रवार दें; और

(ग) कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 नाबार्ड के पास Funding के लिए कब-कब से लम्बित हैं; ब्यौरा योजना का जिलावार दें?

----

## भवनों का रख-रखाव

*1753 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सरकार ने प्रदेश में बन्द पाठशालाओं के भवनों के रख-रखाव हेतु क्या कार्य योजना बनाई है; ब्यौरा दें ?

----

## साहसिक खेलों से नुकसान

*1754 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में विभिन्न साहसिक खेलों (रिवर राफ्टिंग,रिवर क्रॉसिंग, पर्वतारोहण, पैरा ग्लाईडिंग इत्यादि) का आनन्द लेते हुए पर्यटकों, खिलाड़ियों व स्थानीय व्यक्तियों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा व इसमें कितनी जान-माल की क्षति हुई; ब्यौरा नाम-पते सहित दें;

(ख) इन दुर्घटनाओं की जांच के दौरान क्या-क्या कारण सामने आए; ब्यौरा दुर्घटनावार दें; और

(ग) सरकार ने इन दुर्घटनाओं में पीड़ितों को कितना-कितना मुआवज़ा दिया और राहत राशि देने के नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## विभिन्न मदों के अन्तर्गत ऋण

***1755 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01-12-2014 से 15-02-2015 तक सरकार ने विभिन्न मदों में कितना-कितना ऋण किस-किस माध्यम से, किस-किस कार्य के लिए कितने प्रतिशत ब्याज पर लिया; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि के दौरान कॉर्पोरेशन, बोर्ड आदि उपकरणों द्वारा किस-किस संस्था से किस-किस काम के लिए कितना-कितना ऋण लिया है; ब्यौरा दें ?

----

## प्रत्यर्पण सन्धि

***1756 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में प्रदेश में अधिकांश मन्दिरों की मूर्तियां इत्यादि की चोरियां हुई हैं; उसमें अधिकांश अभियुक्त दोषी नेपाल से सम्बन्ध रखने वाले हैं और नेपाल के साथ प्रत्यर्पण सन्धि (Extradition Treaty) न होने के फलस्वरूप पुलिस विभाग को Investigation में बाधा उत्पन्न हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त तथ्य को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार भारत सरकार से इस मामले को उठाएगी ?

----

## सराहां-मण्डी खराना सड़क

***1757 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सराहां-मण्डी खराना सड़क का निर्माण PMGSY के अन्तर्गत किया गया है और खराना गांव में लगभग 100 मी0 लम्बी 10 फुट ऊंची Retaining Wall बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर कितना व्यय हुआ व किस Fund से पैसा व्यय किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## मशीनरी उपलब्ध करवाना

*1758 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि चौपाल विधाान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत बजरोली पुल से नकडा पुल तक भारी हिमपात होता है;

(ख) यदि हां, तो उप-तहसील देहा, नेरवा, तहसील चौपाल व कुपवी की 70 सड़कें तीन महीने के लिए बंद हो जाती हैं और स्थानीय लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है; और

(ग) सरकार क्या इन क्षेत्रों में भारी हिमपात के दृष्टिगत स्नोकटर/अन्य मशीनों की उचित व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

----

## बैरियर की नीलामी

*1759 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2014-2015 में परवाणु टोल टैक्स बैरियर किस फर्म को नीलाम किया गया तथा इसे पुनः किस फर्म को दिया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) पहली फर्म ने क्या अपनी किस्तों की पूरी धनराशि अदा कर दी है; यदि नहीं, तो सरकार उसकी रिकवरी हेतु क्या पग उठा रही है ?

----

## Replacement of Old Machinery

*1760 **Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Public Works Department under District Lahaul and Spiti has very old Machinery such as dozers, compressors & JCB etc.;

(b) if yes, the year of their make may be given and by when, the Government proposes to replace the old machinery ?

----

## सड़कों/पुलों का निर्माण

*1761 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 के दौरान प्रदेश में नाबार्ड के माध्यम से सड़कों व पुलों के निर्माण हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; और

(ख) ब्यौरा योजनाओं का विधान सभा चुनाव क्षेत्रश: दें?

----

## सड़क निर्माण

*1762 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कें डाली गई; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

*1763 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जसवां-परागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सड़कों के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है:-

(i) गोरालधार से पट्टी संपर्क सड़क (PMGSY);

(ii) बरनाली से अपर नारी वाया लोअर नारी संपर्क मार्ग (विधायक प्राथमिकता);

(iii) बढ़ाल से धीमान बस्ती बहाला सड़क (विधायक प्राथमिकता);

(iv) रोड़ी कोडी से टिप्परी सड़क (PMGSY Stage-II);

(v) चपलाह से सरड़ डोगरी वाया कुकाहर लड़ोआ सड़क (विधायक प्राथमिकता);

(vi) संपर्क -मार्ग हरिजन बस्ती पुनणी (SC Component);

(vii) शांतला पठयार सड़क (SC Component);

(viii) सलेठी भिण्डला सड़क (SC Component); और

(ख) इनमें से कितनी सड़कों को अभी तक वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृति नहीं मिली है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमला : 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 9 मार्च, 2015.** **सचिव।**